एक नजर में

री-एग्जाम पर प्रधान की हाई लेवल मीटिंग

नई दिल्ली, 18 जून. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 21 जून को होने वाली नीट यूजी री-एग्जाम की तैयारियों को लेकर एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की. यह बैठक शिक्षा मंत्रालय, राज्य सरकारों, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और उच्च शिक्षा संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करना था. शिक्षा मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए.

जवानों से मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पिथौरागढ़, 18 जून. उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के वड्डा बाजार में दो सैनिकों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल करने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 04 जून को वड्डा बाजार में सेना के दो जवानों के साथ स्थानीय व्यक्तियों द्वारा मारपीट की गई थी, जिसमें सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए थे. मामले में थाना जाजरदेवल में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया. घटना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष जाजरदेवल मनोज पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई. टीम ने सुरागरसी, साक्ष्य संकलन और पतारसी के आधार पर घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

बिहार के नए महाधिवक्ता बने एस.डी. संजय

पटना, 18 जून. बिहार सरकार ने वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भारत सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.डी. संजय को राज्य का नया महाधिवक्ता नियुक्त किया है. मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी गई. यह नियुक्ति पूर्व महाधिवक्ता पी.के. शाही के 14 जून 2026 को दिए गए इस्तीफे के बाद की गई है. पी.के. शाही को 16 जनवरी 2023 को नीतीश कुमार सरकार ने महाधिवक्ता नियुक्त किया था. उनके इस्तीफे के बाद राज्य सरकार ने नए महाधिवक्ता की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करते हुए एस.डी. संजय के नाम पर मुहर लगा दी. देश के प्रतिष्ठित विधि विशेषज्ञों में शुमार एस.डी. संजय ने वर्ष 1984 में दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर से ऑनर्स सहित एलएलबी की डिग्री प्राप्त की थी. इसके बाद उन्होंने पटना हाई कोर्ट में वकालत की शुरुआत की.

राम मंदिर चढ़ावा चोरी में बड़ा खुलासा

सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ के संकेत मिले

लखनऊ, 18 जून. राम मंदिर दानराशि में गड़बड़ी की जांच लगातार जारी है. एसआईटी ने लगातार चौथे दिन भी संदिग्ध लोगों से पूछताछ की. बृहस्पतिवार को राम मंदिर के मुख्य ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्र से पूछताछ की गई.

एसआईटी ने पिछले तीन दिनों में 60 से अधिक लोगों से पूछताछ की है. दान गणना प्रक्रिया, मंदिर से बैंक तक धनराशि को ले जाने की प्रक्रिया समझी गई. सीसीटीवी कैमरों की जांच हुई. जांच में सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ के भी सबूत मिले हैं. इसी बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंच रहे हैं. वे राम मंदिर में दर्शन करने भी जाएंगे. जानकारी के अनुसार एसआईटी शुक्रवार को जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट भी मुख्यमंत्री को सौंप सकती है. वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक की जांच में जो दोषी पाए गए हैं उन पर एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है. एसआईटी चंपत राय, गोपाल राव समेत राममंदिर ट्रस्ट के कई अन्य पदाधिकारियों व उनसे जुड़े लोगों से गहनता से पूछताछ कर रही है.

> सूत्रों के मुताबिक ये लोग कई सवालों के जवाब नहीं दे पा रहे हैं. कई सवालों के गोलमोल जवाब दे रहे हैं. वहीं, दान के दिए गए रिकॉर्ड से भी एसआईटी संतुष्ट नहीं है क्योंकि उसमें भी कई चीजें अस्पष्ट हैं. इसलिए एसआईटी को जांच में अधिक समय लग रहा है. विशेष जांच दल ने पूछताछ के लिए करीब दो सौ लोगों की सूची तैयार की है. इनमें से सवा सौ लोगों से पूछताछ कर चुकी है.

आतंकवाद और नशीले पदार्थों से निपटने पर चर्चा

अमित शाह से मिले अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर

नई दिल्ली 18. फ्रांस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात के बाद भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को यहां केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने विशेष रूप से आतंकवाद तथा नशील पदार्थों की तस्करी से निपटने के मुद्दों पर बात की.

श्री गोर श्री ट्रंप और श्री मोदी की मुलाकात के दौरान बुधवार रात फ्रांस के शहर एवियन में ही थे और वहा से सीधे यहां आये हैं. भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तार अमित शाह ने श्री गोर के साथ मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मुलाकात की जानकारी दी. दोनों ने विशेष रूप से सुरक्षा के क्षेत्र में, खासकर आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई. गृह मंत्री ने कहा कि आज नई दिल्ली में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की. सुरक्षा के क्षेत्र में, खासकर आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटनेभारत और अमेरिका के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई.

ऋतव्रत ही बंगाल के नेता प्रतिपक्ष

पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हाई कोर्ट से झटका

कोलकाता, 18 जून. पश्चिम बंगाल में एक साथ कई मुश्किलों और चुनौतियों से जूझ रही ममता बनर्जी को अब विधानसभा में नेता विपक्ष के मुद्दे पर ब?ा झटका लगा है. गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी के बागी नेता ऋब्रत बनर्जी को नेता विपक्ष बनाए जाने पर रोक लगाने से इंकार कर दिया.

ममता बनर्जी ने चुनावों के बाद शोभनदेव चट्टोपाध्याय को नेता विपक्ष बनाया था, लेकिन उनकी नियुक्ति में विधायकों के फर्जी दस्तखत का आरोप लगा. इसके बाद पार्टी विधायकों में बगावत हुई. उन्होंने ऋब्रत बनर्जी को नेता चुना था. ऋब्रत बनर्जी को विधानसभा अध्यक्ष ने नेता विपक्ष मान लिया था. इस फैसले को ममता बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. जहां से अब ममता बनर्जी को झटका लगा है.

जस्टिस कृष्णा राव ने इस मामले में कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिससे स्पीकर का फैसला अगली सुनवाई तक लागू रहेगा.

सांसदों को लीला होटल से जयपुर शिफ्ट किया

भड़के संजय राउत शुरू करेंगे ऑपरेशन तुड़वा

मुंबई, 18 जून. महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है. शिवसेना में संभावित टूट और सांसदों के दल-बदल की अटकलों के बीच पार्टी के लोकसभा सांसद राजाभाऊ पराग प्रकाश वाजे ने स्पष्ट किया कि वह पूरी तरह से पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के साथ हैं और भविष्य में भी उनके साथ ही बने रहेंगे.

वाजे ने उन खबरों को खारिज कर दिया जिनमें दावा किया जा रहा था कि शिवसेना के कई सांसद एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं. उन्होंने कहा, 'मुझे ऐसी किसी बात की जानकारी नहीं है. मैंने पार्टी की बैठक में भी अपना रुख साफ कर दिया है कि मैं उद्धव ठाकरे के साथ हूं और हमेशा रहूंगा.' वहीं, पार्टी के एक और सांसद अरविंद सावंत ने 'ऑपरेशन टाइगर' को खारिज करते हुए दावा किया कि 14 जून को उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में पार्टी के सभी सांसद शामिल हुए थे.

बावनकुले ने कहा, उद्धव ठाकरे को यह समझना चाहिए कि उनके सांसद और विधायक उनसे क्यों दूर जा रहे हैं. यदि वे एकनाथ शिंदे के साथ जा रहे हैं तो यह उनका आंतरिक मामला है. भाजपा या उसके किसी नेता का इससे कोई लेना-देना नहीं है.'

> राजाभाऊ वाजे का यह बयान ऐसे समय आया है, जब महाराष्ट्र में कथित ऑपरेशन टाइगर को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं. राजनीतिक गलियारों में यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि शिवसेना के 9 सांसदों में से 7 सांसद एकनाथ शिंदे गुट के संपर्क में हैं और वे सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बन सकते हैं. इस बीच, महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को सिरे से खारिज किया है. उन्होंने कहा कि भाजपा का शिवसेना के सांसदों या विधायकों के संभावित दल-बदल से कोई संबंध नहीं है.

कब रुकेगा पेपर लीक : केजरीवाल

नई दिल्ली, 18 जून. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सहयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया है.

उन्होंने सरकार की कार्यशैली, कानून-व्यवस्था और डिजिटल नीतियों पर सवाल उठाते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं. उनके अनुसार, देश में लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों ने शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को कमजोर कर दिया है.

केजरीवाल ने अपने पोस्ट में दावा किया कि पेपर लीक एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा बन चुका है, जिसमें बड़े पैमाने पर पैसों का लेन-देन होता है. उन्होंने आरोप लगाया कि इस अवैध कमाई का उपयोग राजनीतिक प्रभाव खरीदने में किया जाता है, जिसमें सांसदों और विधायकों की खरीद-फरोख्त जैसे गंभीर आरोप भी शामिल हैं. इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सरकार की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए.

आईएएफ विमान से टेलीग्राम बैन तक, सरकार पर निशाना

बोलेरो खाई में गिरने से 7 की मौत

शिमला, 18 जून. चंबा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र में बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया. पंचायत कुठेड़ के महल गांव के निवासी मुंडन संस्कार समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे, तभी माणी जीरो के पास उनकी बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी.

हादसा इतना भयावह था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. मृतकों में चुन्नी लाल (65), देवी लाल (62), मोती राम (50), बबली देवी (45), अनीता कुमारी (20), कुंता देवी (53) और मनोहर लाल (34) शामिल हैं. इनमें चुन्नी लाल, देवी लाल और मोती राम सगे भाई थे, जबकि कुल छह मृतक एक ही परिवार से थे. सभी लोग काकड़ोथा गांव में आयोजित मुंडन संस्कार की धाम से देर रात अपने घर लौट रहे थे. रात करीब दो बजे वाहन चालक का नियंत्रण गाड़ी से हट गया और बोलेरो सीधे गहरी खाई में जा गिरी. अंधेरे और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के कारण राहत एवं बचाव कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण रहा. पुलिस, प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से सभी शवों को खाई से बाहर निकाला गया.

आज का इतिहास

1269: फ्रांस के राजा लुई ने सभी यहुदियों को एक खास बैज पहनने का हुक्म दिया।

1716: मुगलों के अजेय होने का भ्रम तोड़ने वाले प्रसिद्ध सिख सैनिक बंदा सिंह बहादुर को बादशाह फरूखसियर के आदेश पर यातनाएं देकर मौत के घाट उतार दिया गया.

1843: दास कैपिटल के लेखक और समाजशास्त्री काल मार्क्स ने विवाह किया.

1910: वॉशिंगटन में पहला फादर्स डे मनाया गया.

1945: म्यांमा में लोकतंत्र की अलख जगाने वाली आंग सान सू की का जन्म.

होर्मुज में समुद्री यातायात में सुधार के संकेत

10 जहाज अमेरिका-ईरान समझौते के बाद जलमार्ग से गुजरे

20 प्रतिशत हिस्सा वैश्विक ऊर्जा का इसी मार्ग से गुजरता है

तेहरान, 18 जून. अमेरिका और ईरान के बीच समझौते पर हस्ताक्षर होने के कुछ घंटों बाद ही होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात में सुधार के संकेत दिखाई देने लगे हैं तथा कम से कम 10 वाणिज्यिक जहाज गुरुवार सुबह इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरे, जबकि छह अन्य जहाज फारस की खाड़ी से बाहर निकलने के लिए इसी मार्ग की ओर बढ़ते दिखायी दिये.

विश्व के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के बीच एकमात्र समुद्री संपर्क मार्ग है. वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है. यह संख्या युद्ध से पहले प्रतिदिन गुजरने वाले लगभग 135 जहाजों की तुलना में काफी कम है, लेकिन इसे समुद्री यातायात में उल्लेखनीय सुधार का संकेत माना जा रहा है. जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों में कतर एनर्जी द्वारा संचालित फ्रांसीसी ध्वज वाला तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) वाहक मराइख तथा ग्रिमाल्डी समूह के स्वामित्व वाला एक वाहन वाहक जहाज भी शामिल था। संघर्ष के कारण सामान्य समुद्री यातायात बाधित होने से फारस की खाड़ी में फंस गये थे.

> **एलपीजी बैकलॉग घटकर 3.1 दिन पर आया**
>
> **नयी दिल्ली 18 जून।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने गुरुवार को यहां पश्चिम एशिया की स्थिति पर अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी से संबंधित सवालों के जवाब में कहा कि जहां तक कच्चे तेल की कीमत की बात है वह 120 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गया था लेकिन अभी वह कम हो रहा है और तेल विपणन कंपनियां इस का संज्ञान ले रही हैं।

आज सुबह 5 बजे से योग का राष्ट्रीय कार्यक्रम

कोलकाता. 21 जून को रेड रोड पर आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के राष्ट्रीय समारोह की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है. 19 जून को शहर के 11 स्थानों पर 'दौड़ से ध्यान' पहल होगी, जबकि 20 जून को हुगली नदी के किनारे विशेष आयोजन होंगे. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' के तहत देशभर के योग अभ्यास का नेतृत्व करेंगे. कोलकाता में योग दिवस से पहले भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. रेड रोड पर 21 जून की सुबह 5 बजे मुख्य कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे और लाखों लोग वर्चुअली जुड़ेंगे.

हस्तियों के ट्वीट

महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा एक अपना निजी अनुभव साझा करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है जिसमें उन्होंने अपना बताया. उन्होंने पोस्ट में लिखा कि कुछ दिन पहले मुझे यह वीडियो मिला और मैं इसे देखे बिना रह नहीं पाया. यह एक आम और बोरिंग चीज़, यानी प्लास्टिक के गैस लाइटर के बारे में है. लेकिन यह मैन्युफैक्चरिंग के बारे में हमारी सोच बदल देता है.

इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर मख्तार डियोप ने सोशल मीडिया एक्स पर हाल में पोस्ट साझा किया जिसमें उन्होंने लिखा कि उभरते हुए बाजारों में हमारे एक अहम क्लाइंट और पार्टनर,ग्रुप एडीपी सीईओ फिलिप पास्कल के साथ एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ाने पर समय रहते चर्चा हुई. यह चर्चा ऐसे समय में हुई है जब यह सेक्टर मुश्किल दौर से गुज़र रहा है.

मणिपुर में बरामद हथियार और बंकर किए नष्ट

इंफाल, 18 जून. सुरक्षा बलों ने बुधवार को मणिपुर के कई जिलों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया और इस दौरान हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किये, बंकर हटाये और अवैध चेक पोस्ट नष्ट किये गये. सुरक्षा बलों ने सबसे अहम अभियान में कांगपोकपी जिले के लीमाखोंग थाना क्षेत्र में आने वाले चार गांवों लीलोन वाइफेई, लीलोन खुनौ, एल. मुनलुई और कोंसाखुल में तलाशी ली.

यूक्रेन ने मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर किया ड्रोन अटैक

मॉस्को, 18 जून. यूक्रेन ने रूस पर ड्रोन अटैक किया है. यूक्रेनी ड्रोन ने मॉस्को के कपोटन्या जिले में ऑयल रिफाइनरी के स्टोरेज टैंक पर हमला किया. यह रिफाइनरी शहर की सबसे अहम फ्यूल-प्रोसेसिंग सुविधाओं में से एक है.

सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि फ्यूल स्टोरेज टैंक में जोरदार धमाका हुआ, जिससे उसकी छत हवा में उड़ गई और आग लग गई. इसके बाद रिफाइनरी से आग की लपटें और काला धुआं उठता दिखाई दिया. हमले को लेकर सामने आए वीडियो में मॉस्को ऑयल

रिफाइनरी में स्टोरेज टैंक से टकराते यूक्रेनी अटैक ड्रोन का फुटेज दिखा, जिसमें टैंक का ढक्कन सैकड़ों फीट ऊपर उड़ता हुआ दिखाई दिया. मास्को से सामने आए वीडियो में धमाके के बाद का मंजर दिख रहा है. धमाके की वजह से टैंक का गोल मेटल का ढक्कन हवा में बहुत ऊपर उछल गया और पूरी जगह आग की लपटों और घने काले धुएं से घिर गई.

शिक्षा-रोजगार मुद्दे पर एकजुट हो युवा : राहुल

नई दिल्ली, 18 जून. लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्रों और नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए 'छात्रों की गूंज' अभियान की शुरुआत की है. उन्होंने युवाओं से इस मुहिम में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की है.

राहुल गांधी का कहना है कि इस अभियान का मकसद शिक्षा, परीक्षा और रोजगार से जुड़ी चिंताओं को सीधे सरकार तक पहुंचाना है. सोशल मीडिया पर अपनी बात रखते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि अगर किसी छात्र ने पेपर लीक, परीक्षा में नकल या बहुत ज्यादा फीस का दर्द सहा है, तो यह अभियान उनके लिए है.

उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था ने कई युवाओं के सपनों को तोड़ा है. कई परिवारों ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई बच्चों की पढ़ाई में लगा दी है. ऐसे में 'छात्रों की गूंज' उन सभी युवाओं की आवाज बनेगा.

राहुल गांधी ने इसे सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि एक मंच बताया है. इसके जरिए सस्ती शिक्षा, निष्पक्ष परीक्षा और सम्मानजनक रोजगार की मांग सरकार के सामने रखी जाएगी. उन्होंने लोगों से इस मुहिम से जुड़ने, अपने सुझाव देने और याचिका पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया है. उनका मानना है कि एक-एक हस्ताक्षर इस लड़ाई को मजबूत करेगा. जितने ज्यादा नाम जुड़ेंगे, छात्रों की आवाज उतनी ही बुलंद होगी. कांग्रेस पार्टी इस अभियान के जरिए देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना चाहती है. इसमें पेपर लीक, कोचिंग की भारी फीस और भर्ती में होने वाली गड़बड़ियों जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा. पार्टी ने इसके लिए देशव्यापी योजना बनाई है.

मौसम अलर्ट | **आईएमडी मौसम विभाग ने जताई संभावना**

22 से पहले नहीं बरसेगा मानसून

42 प्रतिशत कम बारिश ने बढ़ाई चिंता

नई दिल्ली, 18 जून. देश में मानसून की रफ्तार एक बार फिर धीमी पड़ गई है और इसका सीधा असर मध्य एवं उत्तर भारत के राज्यों पर दिखाई देने लगा है.

आईएमडी के अनुसार, मानसून फिलहाल तेलंगाना के भद्राचलम क्षेत्र में रुका हुआ है और 22 जून से पहले इसके राजस्थान, मध्यप्रदेश तथा उत्तर प्रदेश पहुंचने की संभावना नहीं है. सामान्य वर्षों में मानसून 15-16 जून तक मध्यप्रदेश, 18-20 जून तक उत्तर प्रदेश और लगभग 20 जून तक राजस्थान में दस्तक दे देता है, लेकिन इस बार इसकी एंट्री में कई दिनों की देरी हो रही है. मानसून ने 4 जून को केरल में प्रवेश किया था और शुरुआती दिनों में तेजी दिखाते हुए 13 दिनों के भीतर 19 राज्यों तक पहुंच गया. मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि वायुमंडलीय परिस्थितियों और हवाओं के पैटर्न में बदलाव के कारण मानसून की गति प्रभावित हुई है.प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय होने के बावजूद महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा समेत आठ राज्यों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार बना हुआ है.

> बारिश की कमी के आंकड़े भी चिंता बढ़ाने वाले हैं. 4 जून से 18 जून के बीच देश में सामान्य से 42 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है. इसका असर कृषि गतिविधियों पर पड़ सकता है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां खरीफ फसलों की बुआई मानसून पर निर्भर रहती है. किसान अब अच्छी बारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं ताकि बुआई कार्य समय पर शुरू हो सके. दूसरी ओर, मानसून के ठहराव ने गर्मी से राहत की उम्मीदों को भी झटका दिया है.

त्रि-भाषा नीति पर राहत नहीं

नई दिल्ली, 18 जून. उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की त्रि-भाषा नीति को लागू करने को चुनौती देने वाली याचिका पर कोई भी अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया. यह नयी नीति शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू की जानी है. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. न्यायालय ने पीपुल फॉर एक्टिव डेमोक्रेसी नामक स्वयंसेवी संस्था की दायर इस याचिका को उन याचिकाओं के साथ जोड़ दिया जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 से त्रि-भाषा नीति लागू करने के खिलाफ पहले से ही न्यायालय के समक्ष लंबित हैं.

वकीलों के राष्ट्रीय डेटाबेस पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली, 18 जून. उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया की एक रिट याचिका पर केंद्र सरकार, बार काउंसिल ऑफ इंडिया, सभी स्टेट बार काउंसिलों और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को नोटिस जारी किए।

इस याचिका में फर्जी वकीलों की पहचान करने और उन्हें पंजिका से बाहर करने के लिए एक देशव्यापी अधिवक्ता सत्यापन तंत्र स्थापित करने के साथ-साथ वकीलों के लिए एक सोशल मीडिया आचरण संहिता बनाने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई की और नोटिस जारी का आदेश दिया। याचिका में वकीलों और एलएलबी की डिग्रियों के देशव्यापी सत्यापन की सुविधा के लिए नेशनल डिजिटल रजिस्ट्री फॉर द लीगल प्रोफेशन ऑफ इंडिया (राष्ट्रीय डिजिटल रजिस्ट्री) का गठन करने, और इसके साथ ही इस पेशे के सदस्यों के लिए एक सोशल मीडिया और डिजिटल आचरण संहिता तैयार करने की मांग की गई है. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने नेशनल डिजिटल रजिस्ट्री बनाने के प्रस्ताव को एक अभिनव विचार बताया जिसे प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है. उन्होंने उल्लेख किया कि सोशल मीडिया पर अनुचित आचरण में शामिल व्यक्ति जरूरी नहीं कि पंजीकृत वकील ही हों. मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उच्च न्यायालयों और जिला अदालतों में युवा वकीलों के कई संगठन सक्रिय रूप से रचनात्मक शैक्षणिक गतिविधियों में लगे हुए हैं.

मुख्य न्यायाधीश ने आवश्यकता पर दिया बल

मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान बार के युवा सदस्यों को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि कानूनी पेशे के सामने आने वाली कई चुनौतियों का समाधान यह सुनिश्चित करके किया जा सकता है कि युवा वकीलों को एक सुरक्षित और सहायक पेशेवर माहौल मिले. इसके साथ ही, मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर जोर दिया कि वकीलों का एक बहुत बड़ा बहुमत जिम्मेदार पेशेवरों का है जो अपने नैतिक दायित्वों के प्रति पूरी तरह से जागरूक हैं.